# कल से 10 दिनों तक नहीं चलेंगी भागलपुर से जमालपुर तक ट्रेनें

## सेवा बाधित

- जमालपुर में सेंट्रल रूट रिले इंटरलॉकिंग के कारण ट्रेनों का परिचालन रहेगा बंद
- आसनसोल-धनबाद होकर आएगी जाएगी विक्रमशिला एक्सप्रेस

जासं, भागलपुर : भागलपुर से जमालपुर, किऊल और पटना के लिए सीधी रेल सेवा बुधवार तक ही बहाल रहेगी। गुरुवार से जमालपुर में बनने वाले सेंट्रल रूट रिले इंटरलॉकिंग (सीआरआरआइ) के कारण ट्रेन परिचालन दस दिनों तक बंद रहेगा। भागलपुर से एक भी गाड़ी जमालपुर नहीं जाएगी। 20 से 29 सितंबर तक कई भागलपुर-किऊल सेक्शन पर चलने वाली एक्सप्रेस और पैसेंजर मिलाकर 24 ट्रेनों को रद कर दिया है। वहीं, अप और डाउन में 33 गाड़ियों का मार्ग बदल दिया गया है। ट्रेन परिचालन का रूट बदलने से भागलपुर के अलावा मुंगेर, लखीसराय के यात्रियों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ेंगी।

दरअसल, मालदा मंडल का पहला सीआरआरआइ जमालपुर में बन रहा है। इसका काम जुलाई में ही होना था, लेकिन श्रावणी मेला के कारण इसे सितंबर में करने का निर्णय लिया गया। इसके बनने के बाद रेलवे ट्रैक ऑटोमेटिक चेंज होगा। इसलिए दस दिनों का मेगा ब्लॉक लिया गया है।

भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी, जनसेवा एक्स., मालदा-पटना इंटरसिटी, हावड़ा-गया एक्सप्रेस, जमालपुर-सहरसा एक्स. अप और डाउन में 20 से 29 सितंबर तक नहीं चलेगी। इसी तरह 15 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें को भी कैंसिल किया गया है। वहीं, गरीब रथ, न्यू फरक्का-नई दिल्ली को भी रद कर दिया गया है। भागलपुर-आनंद विहार विक्रमशिला एक्स. इतनी अवधि तक अप व डाउन में साहिबगंज-रामपुरहाट-सेंथिया-आसनसोल-धनबाद-गया के रास्ते आएगी और जाएगी। जबकि सूरत एक्स. बांका-जसीडीह होकर, एलटीटी एक्स. साहिबगंज-सेंथिया-आसनसोल-धनबाद, अपर-इंडिया, दिल्ली-सियालदह झाझा-किऊल, रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस, दरभंगा-हैदराबाद एक्स. बरौनी-किऊल के रास्ते चलेगी। जबकि जमालपुर-हावड़ा एक्सप्रेस भागलपुर से खुलेगी और यहीं समापन होगा।

संबंधित खबर... »पेज 6